तेरे जन्मों की भटकन मिटेगी

तेरे जन्मों की भटकन मिटेगी,
तू राधे राधे बोल जरा,
तेरी नैया भंवर ना फसेंगी,
तू राधे राधे बोल जरा,

राधा राधा नाम की तो महिमा अपार है,
राधा राधा नाम सब वेदन को सार है,
तेरी हर एक बाधा हर लेगी,
तू राधे राधे बोल जरा,

कोई नहीं तेरा यहाँ,सच्चा राधा नाम है,
राधा नाम जपने से मिले घनश्याम है,
तेरी खुशियों से झोलिया भरेगी,
तू राधे राधे बोल जरा,

कृपामयी श्री राधे कृपा बरसाती है,
गुण-अवगुण ना देखे अपना बनाती है,
तेरी बिगड़ी बात बनेगी तू राधे राधे बोल जरा,

चित्र-विचित्र' का तू मान ले कहना,
आठों याम श्यामा श्याम श्यामा श्याम जपना,
निज चरणों में तुझे रख लेगी तू राधे राधे बोल जरा,

तेरे जन्मों की भटकन मिटेगी,
तू राधे राधे बोल जरा,

स्वर : चित्र विचित्र

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3298/title/tere-janmo-ki-bhatkan-mitegi-tu-radhe-radhe-bol-zara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |